नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 279/2021

Dt-9-8-2021

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के ग्राम मोहनबधियाम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्य प्रारंभ कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के ग्राम मोहनबधियाम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 2 वर्षों से बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक स्वास्थ्य संबंधी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत नहीं होने से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है साथ ही इस अस्पताल निर्माण के लिए भू—दाता (डॉ॰ डी के चौधरी जी का परिवार) के मन में हर समय मायूसी छायी रहती है तथा अस्पताल शीघ्र प्रारंभ हो, इसके लिए चिंतित रहते हैं।

उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में जल जमाव के कारण भू—स्तर का काम नहीं हो सका है तथा चहारदीवारी भी नहीं बनाया गया है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए चिकित्सक एवं ए॰एन॰एम॰ की पदस्थापन भी नहीं किया गया है साथ ही फर्नीचर एवं अनिवार्य स्वास्थ्य उपकरण की व्यवस्था नहीं है।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी उपकरण एवं मानव बल की उपलब्धता के उपरांत स्वास्थ्य सेवा प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 9·8·21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in